# पर्यटन अध्ययन

## बीटीएस
## तृतीय वर्ष

## सत्रीय कार्य पुस्तिका
## (2013–14)

## टीएस–3 टीएस–6 और टीएस–7

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# बीटीएस सत्रीय कार्य

## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है। सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–3, टीएस–6 और टीएस–7 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

**नोटः** सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें। जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

**सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश**

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500–700 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) योजना बनानाः सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।
2) संगठनः अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) प्रस्तुतिः जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

**डॉ अरविन्द कुमार दुबे**
**कार्यक्रम संयोजक, बीटीएस**

## सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जनवरी सत्र के लिए अंतिम तारीख | जुलाई सत्र के लिए अंतिम तारीख |
|---|---|---|
| टीएस –3 | 15 अप्रैल, 2013 | 15 अक्तूबर, 2013 |
| टीएस –6 | 15 अक्तूबर, 2013 | 15 अप्रैल 2014 |
| टीएस –7 | 15 अक्तूबर, 2013 | 15 अप्रैल 2014 |

# टीएस 3 : पर्यटन में प्रबंध
## (अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोडः टीएस–3 | कार्यक्रमः बीटीएस
कुल अंकः 100 | सत्रीय कार्य कोडः टीएस–3/टीएमए/2013–14

**नोटः** इस अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य के दो भाग हैं।
**भाग I** में **दो प्रश्न** हैं जिनमें से आपको **एक प्रश्न का उत्तर** देना है। यह प्रश्न 25 अंक का है और इसका उत्तर लगभग **700 शब्दों** में दें।
**भाग II** में **आठ प्रश्न** हैं। किन्हीं **पांच प्रश्नों** के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **500 शब्दों** में दें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है।
अपने टीएमए को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

**भाग – I**

1. उद्यमिता से आप क्या समझते हैं? एक उद्यमी के रूप में आप पर्यटन व्यवसाय की स्थापना कैसे करेंगें? 25

**अथवा**

2. विपणन/प्रचार–प्रसार में जन संपर्क का क्या महत्व है? साथ ही पर्यटन उद्योग में पीआर को किन बाधाओं का सामना करना पड़ता है? 25

**भाग–II**

1. मानव संसाधन प्रबंध को परिभाषित कीजिए और पर्यटन उद्योग के लिए इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा कीजिए। 15

2. निम्नलिखित पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिएः (5x3=15)
   क. लाभ विश्लेषण
   ख. अहम की स्थिति (Ego Status)
   ग. कंवेन्शन कस्टमर्स

3. तुलन–पत्र से आप क्या समझते हैं और इसके उद्देश्यों की पहचान कीजिए। 15

4. हवाई अड्डा प्रबंधन दल को किन प्रमुख चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और इन चुनौतियों का सामना करने के लिए अपेक्षित समाधानों का सुझाव दीजिए। 15

5. सूचना प्रौद्योगिकी के महत्व और पर्यटन के विपणन एवं संवर्धन में इसकी प्रभावी भूमिका की चर्चा कीजिए। 15

6. व्यवसाय के एकल–स्वामित्व (Sole Proprietorship) वाले स्वरूप से आप क्या समझते हैं? एकल–स्वामित्व के लाभ और हानियों का उल्लेख भी कीजिए। 15

7. आप परियोजना प्रस्ताव कैसे तैयार करेंगे और इसे तैयार करने में किन प्रमुख पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए 15

8. लाभ–अलाभ (Break Even Point) बिंदु और लाभ–अलाभ चार्ट और फर्म की लागत पर इसके प्रभाव की चर्चा कीजिए। 15

# टीएस 6 : पर्यटन विपणन
## (अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोडः टीएस–6
कुल अंकः 100

कार्यक्रमः बीटीएस
सत्रीय कार्य कोडः टीएस–6/टीएमए/2013–14

**नोटः** इस अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य के दो भाग हैं।
**भाग I** में **दो प्रश्न** हैं जिनमें से आपको **एक प्रश्न का उत्तर** देना है। यह प्रश्न 25 अंक का है और इसका उत्तर लगभग **700 शब्दों** में दें।
**भाग II** में **आठ प्रश्न** हैं। किन्हीं **पांच प्रश्नों** के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **500 शब्दों** में दें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है।
अपने टीएमए को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

**भाग – I**

1. पर्यटन के विपणन में प्रौद्योगिकी क्या भूमिका अदा करती है? उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिए। 25

**अथवा**

2. वैकल्पिक और अनुपूरक आवास से आप क्या समझते हैं? उपलब्ध वैकल्पिक और अनुपूरक आवासों के विभिन्न प्रकार कौन–से हैं? 25

**भाग–II**

1. विपणन अनुसंधान से आप क्या समझते हैं? इसके क्षेत्र( Scope) और सूचना के विभिन्न स्रोतों की चर्चा कीजिए। 15

2. प्रतियोगी/प्रतिस्पर्धा विश्लेषण के चरों का सविस्तार वर्णन कीजिए। 15

3. उदाहरणों की सहायता से पर्यटन के क्षेत्र में गैर सरकारी संगठनों द्वारा निभाई गई विकासात्मक भूमिका की चर्चा कीजिए। 15

4. उत्पाद को परिभाषित कीजिए। पर्यटन में उत्पाद को प्रभावित करने वाले कारकों की पहचान कीजिए। 15

5. निम्नलिखित पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिए: (5x3=15)
   क. मात्रात्मक और गुणात्मक विश्लेषण
   ख. पर्यटन पूर्वानुमान को प्रभावित करने वाले कारक
   ग. व्यापार मेले और ट्रैवल मार्ट

6. पर्यटन विपणन में पॉचवां पी क्यों आवश्यक है? विपणन की रणनीति के डिजाइन में पॉचवें पी का प्रयोग किस प्रकार किया जा सकता है? 15

7. पर्यटक आकर्षण के रूप में खरीदारी, शिक्षा और संस्कृति का विपणन किस प्रकार किया जा सकता है? इन उत्पादों का विपणन करते समय महसूस की जाने वाली कमियों पर प्रकाश डालिए। 15

8. उदाहरणों की सहायता से संवर्धनात्मक मिश्रण (Promotional mix) के विभिन्न तत्वों का वर्णन कीजिए। 15

# टीएस 7 : मानव संसाधन विकास
# (अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोडः टीएस–7 | कार्यक्रमः बीटीएस
कुल अंकः 100 | सत्रीय कार्य कोडः टीएस–7/टीएमए/2013–14

---

**नोटः** इस अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य के दो भाग हैं।

**भाग I** में **दो प्रश्न** हैं जिनमें से आपको **एक प्रश्न का उत्तर** देना है। यह प्रश्न 25 अंक का है और इसका उत्तर लगभग **700 शब्दों** में दें।

**भाग II** में **आठ प्रश्न** हैं। किन्हीं **पांच प्रश्नों** के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **500 शब्दों** में दें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है।

अपने टीएमए को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

---

**भाग – I**

1. आतिथ्य सत्कार और पर्यटन उद्योग में कर्मचारियों के चयन की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। साथ ही यह भी बताइए कि व्यक्तिगत साक्षात्कार को चयन का लोकप्रिय उपकरण क्यों समझा जाता है? 25

**अथवा**

2. आतिथ्य सत्कार उद्योग से उपयुक्त उदाहरण देते हुए स्टाफ प्रशिक्षण के महत्व की चर्चा कीजिए। साथ ही, स्टाफ प्रशिक्षण का निर्धारण करने और प्रशिक्षण देने की विभिन्न विधियों का वर्णन भी कीजिए। 25

---

**भाग–II**

1. मानव संसाधन सूचना प्रणाली से क्या तात्पर्य है? किसी संगठन के पास प्रभावी मानव संसाधन सूचना प्रणाली किस प्रकार हो सकती है? 15

2. कार्मिक प्रबंधन के प्रकार्यों और प्रचालन का वर्णन कीजिए। 15

3. पर्यटन और आतिथ्य सत्कार उद्योग से उपयुक्त उदाहरण देते हुए उत्प्रेरण (induction) की आवश्यकता और महत्व पर चर्चा कीजिए। 15

4. निम्नलिखित पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिएः (5x3=15)
   क. कार्य मूल्यांकन के लाभ
   ख. कार्य विश्लेषण और इसके उपयोग
   ग. आतिथ्य सत्कार उद्योग में मानव संसाधन का नियोजन

5. प्रेरणा संबंधी विभिन्न सिद्धांतों और कर्मचारियों को प्रेरित करने के साथ उनके संबंधों की चर्चा कीजिए। 15

6. वेतन प्रशासन के घटक कौन–से हैं? आप वेतन संरचना का विकास कैसे करेंगे? 15

7. स्थानांतरण, पदोन्नति और पुरस्कार नीति की आवश्यकता का वर्णन कीजिए। अपने उत्तर के समर्थन में उपयुक्त उदाहरण भी दीजिए। 15

8. निम्नलिखित पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिएः (5x3=15)
   क. मानव संसाधन प्रबंधन की उभरती प्रवृत्तियां
   ख. आतिथ्य सत्कार में लिंग संबंधी मुद्दे
   ग. शिकायतों का निवारण (Grievance Handling) ।